नई पाठ्य पुस्तकें रा. शै. अ. प्र. परि. द्वारा समयबद्ध तरीके से तैयार की जा रही है तथा राज्य सरकारों से इसका अनुसरण करने की आशा है । विभिन्न प्रोत्साहन कार्यक्रम जैसे छात्राओं के लिए निःशुल्क वर्दी मुहैया करना, मुफ्त मध्याह्न भोजन, मुफ्त पाठ्य पुस्तकें तथा उपस्थित छात्र-वृत्तियां राज्य क्षेत्र में राज्य सरकारों/संघ शासित प्रशासनों द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे हैं ।

**मौलवी लियाकत अली से संबंधित वस्तुओं की प्रदर्शनी**

4280. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या मानव संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इलाहाबाद संग्रहालय में ईस्ट इंडिया कम्पनी के विरुद्ध विद्रोह का नेतृत्व करने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और देश-भक्त मौलवी लियाकत अली से संबंधित वस्तुओं का प्रदर्शन किया जाता है ; और

(ख) यदि हां,तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल०पी० साही)** : (क) और (ख) इलाहाबाद संग्रहालय, जो संस्कृति विभाग द्वारा अधिकांशतः वित्त पोषित निकाय है ने सूचित किया है कि संग्रहालय में मौलवी लियाकत अली से सम्बन्धित निम्नलिखित दो वस्तुएं हैं :—

1. कुर्त्ता—एक—कुर्ते पर धातु का एक गोलाकार टोकन लगा हुआ है, जिसकी सीधी ओर —जी 439 और उल्टी ओर —जी ओ एफ सी अंकित है ।

2. छोटा पायजामा—एक ।

**Agreement on minimum rates by shipping lines of India, Pakistan, Bangladesh and UK**

4281. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether shipping lines of India, Pakistan, Bangladesh, United Kingdom have reached an agreement on minimum rates;

(b) whether the continent conference in London has complained to the member countries that the agreement is being violated;

(c) if so, what are the details thereof; and

(d) whether Indian shipping lines are undercutting the MRA freight and violating other terms and conditions of the agreement?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI RAJESH PILOT): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Some allegations that certain of the Member Lines were undercutting the MRA freight rates were received in the IPBC Secretariat. The Chairman of the IPBC Conference had appealed to all Member Lines of IPBC to honour the minimum rate agreement and to follow strictly the freight rates and other terms and conditions prescribed under the minimum rate agreement. All the Member Lines have since reaffirmed their support to the MFA.

(d) No, Sir.

**कुम्भ मेले के लिये विशेष रेलगाड़ियां**

4282. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार 1988–89 में इलाहाबाद में होने वाले कुम्भ मेले के दौरान कितनी विशेष रेल गाड़ियां चलाने का विचार रखती है ; और

(ख) इन रेल गाड़ियों से कितने यात्रियों द्वारा यात्रा करने की संभावना है ?

**रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री महाबीर प्रसाद)** : (क) और (ख) रेलों ने हमेशा ही इस यातायात को सुचारु रूप से ढोया है । इस वर्ष भी सिविल प्राधिकारियों से सम्पर्क कर पर्याप्त प्रबन्ध किये जायेंगे ।